# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 14-10-21 | 2 | 6-8 |

## रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है : डॉ. पवन कुमार

### रक्तदान शिविर में 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया



डॉ. पवन कुमार रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए

हिसार, 13 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय परिसर में 'रक्त दो-आशा दो, मिलकर हम जीवन बचाएं' विषय पर आयोजित किए गए शिविर में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है। रक्तदान न केवल दूसरों के लिए उपयोगी है बल्कि हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं। आयरन का स्तर संतुलित रहता है और हृदय भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान को महादान कहा गया है। यह एक ईश्वरीय कार्य है, क्योंकि रक्तदान किसी की जान बचाने का सबसे सरल और सबसे पवित्र तरीका है। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को प्रतिदिन रक्त की आवश्यकता होती है। रक्तदान युवाओं में प्रेरणा को जागृत करता है। एक स्वस्थ व्यक्ति 18 से 65 वर्ष की आयु तक प्रत्येक तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से व्यक्ति के शरीर पर इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 14-10-25 | 2 | 1 |

## एचएयू में राष्ट्रीय एकता शिविर के स्वयं सेवकों ने लगाया रक्तदान शिविर



**हिसार** | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान छात्र कल्याण निदेशालय ने रक्तदान शिविर लगाया। कृषि कॉलेज परिसर में रक्त दो-आशा दो, मिलकर हम जीवन बचाएं विषय पर आयोजित किए शिविर में एचएयू के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुरेन्द्र पाहुजा ने सभी का स्वागत किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 14.10.25 | 5 | 1-3 |

# रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है : डॉ. पवन कुमार

## रक्तदान शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित

हिसार, 13 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय परिसर में 'रक्त दो-आशा दो, मिलकर हम जीवन बचाएं' विषय पर आयोजित किए गए शिविर में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है। रक्तदान न केवल दूसरों के लिए उपयोगी है बल्कि हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं। आयरन का स्तर संतुलित रहता है और हृदय भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान को महादान कहा गया है। यह एक ईश्वरीय कार्य है, क्योंकि रक्तदान किसी की जान बचाने का सबसे सरल और सबसे पवित्र तरीका है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्त की पूर्ति की जा सके। रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है, इसलिए हमें रक्त के जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



डॉ. पवन कुमार रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुरेन्द्र पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान करने में युवाओं का सबसे अधिक योगदान होता है। उन्होंने बताया कि एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बच सकती है, क्योंकि दान किए गए रक्त को अक्सर लाल रक्त कोशिकाओं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा जैसे घटकों में विभाजित किया जाता है, जिनका उपयोग विभिन्न रोगियों के लिए किया जा सकता है। शिविर को सफल बनाने में एनसीसी, एनएसएस सहित अन्य वॉलंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षाविद्, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14-10-25 | 3 | 7-8 |

## शिविर में 85 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान सोमवार को छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर 'रक्त दो-आशा दो, मिलकर हम जीवन बचाएं' विषय पर लगाया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने कहा कि रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 14-10-25 | 14 | 5-8 |

## शिविर में 85 यूनिट रक्त किया एकत्रित

# समाज को मानवता के सूत्र में पिरोता है रक्तदान

**एचएयू के कृषि महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय परिसर में 'रक्त दो-आशा दो, मिलकर हम जीवन बचाएं' विषय पर आयोजित किए गए शिविर में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे।



हिसार। डॉ. पवन कुमार रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है। रक्तदान न केवल दूसरों के लिए उपयोगी है बल्कि हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं। आयरन का स्तर संतुलित रहता है और हृदय भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान को महादान कहा गया है। यह एक ईश्वरीय कार्य है, क्योंकि रक्तदान किसी की जान बचाने का सबसे सरल और सबसे पवित्र

**युवाओं का अहम योगदान**

*कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुरेन्द्र पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान करने में युवाओं का सबसे अधिक योगदान होता है। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षाविद, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 14-10-25 | 9 | 7-8 |

## हकृवि में लगा शिविर, 85 ने किया रक्तदान



हिसार में सोमवार को आयोजित शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते डॉ. पवन कुमार। -हप्र

**हिसार (हप्र) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कृषि महाविद्यालय परिसर में 'रक्त दो-आशा दो, 'मिलकर हम जीवन बचाएं' विषय पर आयोजित किए गए शिविर में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान समाज को मानवता, एकता और आपसी सहयोग के सूत्र में पिरोता है। रक्तदान न केवल दूसरों के लिए उपयोगी है बल्कि हमारे अपने स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं। आयरन का स्तर संतुलित रहता है और हृदय भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान को महादान कहा गया है। यह एक ईश्वरीय कार्य है, क्योंकि रक्तदान किसी की जान बचाने का सबसे सरल और सबसे पवित्र तरीका है। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को प्रतिदिन रक्त की आवश्यकता होती है।